www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

वर्ष-1 अंक-190 सागवाड़ा, गुरुवार, 17 मार्च, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

## खुश खबरी- सागवाड़ा के ज़ील अस्पताल में हो रही एंजियोप्लास्टी और एंज्योग्राफी

### चिरंजीवी और आरजीएचएस में हो रहा कैशलेस उपचार * इको, एंज्योग्राफी, टीएमटी जैसी जांचे हो रही निःशुलक, हॉल्टर मॉनिटर और पैसमेकर की भी सुविधां

**सागवाड़ा।** ज़ील मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल सागवाड़ा का कार्डियक सर्जरी विभाग अत्याधुनिक कैथलैब के कारण मरीजों को बेहतर सुविधाएं दे पा रहा है। हार्ट अटैक से चिंतित मरीजों के लिए अस्पताल में कई प्रकार की जांचे सरकारी योजना में कैशलेस हो रही है। अस्पताल में तीन माह पूर्व ही शुरू हुई सुपर स्पेशियलिटी कैथलैब अत्याधुनिक चिकित्सा संसाधनों से सुसज्जित है। इस कैथलैब में हृदय की बीमारियों से पीड़ित मरीजों की जांच और

ZEEL MULTISPECIALITY HOSPITAL
Advanced health-care, close to home

इलाज किया जा रहा है। जिसमें एंज्योग्राफी की सुविधा है। जरूरत पड़ने पर इसमें एंजियोप्लास्टी भी की जा रही है। इस तरह की सुविधा राजस्थान के चुनिंदा अस्पतालों में है। भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली(एम्स) से प्रशिक्षण प्राप्त कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. विकास पुरोहित बताते है कि डूंगरपुर जिले में इस तरह की ( फिलीप्स, अजूरीयन5) कैथलैब होने से इसका फायदा बांसवाड़ा और प्रतापगढ़ जिले के मरीजों को भी मिल रहा है। यह उच्च स्तर की पहली मशीन है जो दक्षिणी राजस्थान में लगाई गई है।कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. विकास पुरोहित ने बताया कि कैथलैब की सुविधा नई तकनीक के साथ है। इस तरह की कैथलैब में एंज्योग्राफी के अलावा एंजियोप्लास्टी की भी सुविधा होती है। इससे फायदा यह है कि एंज्योग्राफी के दौरान डॉक्टर को लगे कि मरीज को एंजियोप्लास्टी की भी आवश्यकता है तो उसे तुरंत एंजियोप्लास्टी की जा सकती है। ज़ील अस्पताल में आने वाले मरीजों के लिए चिरंजीवी योजना में एंजियोप्लास्टी निन्शुल्क हो रही है। जील अस्पताल के सीओओ डा. टीकेंद्र शर्मा ने बताया कि अब तक 60 से ज्यादा एंजियोप्लास्टी की जा चुकी है। जिसमें 55 से अधिक ऐसे मरीज है जिनका चिरंजीवी में निशुल्क ईलाज हुआ है।

**14 बेड का आईसीयू-** हास्पिटल में हृदय रोग के मरीजों के लिये 14 बेड का आईसीयू भी है। यहां विशेषज्ञ डाक्टर और प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ 24 घंटे मरीज की देखभाल करते है।

## सागवाड़ा शहर के मांडवी चौक पर होली दहन कर निभाई परंपरा



शहर में सबसे पहले मांडवी चौक पर होली दहन कर निभाई परंपरा के मुताबिक नगर पालिका की ओर से मांडवी चौक पर होलिका दहन हुआ । होली की आग को ले जाकर विभिन्न मोहल्लों में होली जलाई गई । मांडवी चौक पर पंडित के मंत्रोच्चार के साथ पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया, एसडीएम राजीव द्विवेदी, डिप्टी नरपत सिंह रावल, थानाधिकारी सुरेंद्र सोंलकी सहित गणमान्य नागरिकों द्वारा विधिविधान पूर्वक पूजन किया गया। जिसके बाद होली दहन हुआ।


## सुरजगांव में बुजुर्ग दम्पत्ति की हत्या का मामला, पुलिस के हाथ लगे पुख्ता सबूत

### डिप्टी और थानाधिकारी ने गुरुवार को दिनभर छानबीन की

**सागवाड़ा।** सागवाडा थाना क्षेत्र के सुरजगांव में एक कृषि फ़ार्म पर रखवाली का काम करने वाले बुजुर्ग दम्पत्ति की अज्ञात को लेकर पुलिस जांज में जुट गई है। जानकारी के अनुसार पुलिस के हाथ में इस घटना को लेकर पुख्ता सबूत हाथ में लग गए है और कभी भी मामले का खुलासा किया जा सकता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने घटना के दिन से ही जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। जिन लोगों पर पुलिस को अंदेशा था उनसे दिनरात पूछताछ जारी है। गुरुवार को भी सागवाड़ा डिप्टी नरपतसिंह और थानाधिकारी सुरेंद्र सोलंकी ने सुरजगांव पहुंचे और तफ्तीश की। दिनभर पूछताछ कर तथ्य जुटाए गए है। हालांकि पुलिस अधिकारी इस मामले कुछ भी बैलने में बचते

#### रात 9 बजे बेटा खाना खिला कर गया सुबह बेटी आई तो मां बाप का शव लहूलुहान देखा

##### सुरजगांव में बुजुर्ग दम्पत्ति की अज्ञात बदमाशों ने हत्या कर दी



**सागवाड़ा।** थाना क्षेत्र के सुरजगांव में एक कृषि फ़ार्म पर का काम करने वाले बुजुर्ग दम्पत्ति की अज्ञात बदमाशों ने हत्या कर दी। महिला के पेरो से चांदी के कड़े गायब थे। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मामले की गंभीरता को देख एसपी सुधीर जोशी भी मौके पर पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी ली। सागवाडा थानाधिकारी सुरेन्द्र सोलंकी ने बताया की सूरजगांव निवासी 75 वर्षीय सवजी पुत्र वालजी डोडियार व उसकी पत्नी मान 70 डोडियार पिछले 3 साल से गांव के कृषि फ़ार्म पर रहकर रखवाली का काम करते थे। आज सुबह दम्पत्ति की बेटी बबली कृषि फ़ार्म पर अपने माता-पिता से मिलने गई तो वहां बने कमरे का आगे का दरवाजा अन्दर से बंद था। जिस पर बबली कमरे के पीछे के हिस्से में गई जिसका दरवाजा खुला हुआ था और उसके माता-पिता के शव लहूलुहान हालत में अलग-अलग खाट पर पड़े हुए मिले। जिसको देखकर बबली घबरा गई। बबली ने मामले की सुचना तुरंत अपने भाई हरिशंकर को दी। जिस पर हरिशंकर अपने अन्य परिजनों व ग्रामीणों के साथ घटना स्थल पहुंचे। वही इसके बाद परिजनों ने मामले की जानकारी सागवाड़ा थाना पुलिस को दी। सूचना पर सागवाडा पुलिस उपाधीक्षक नरपत सिंह व सागवाडा थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह सोलंकी जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का जायजा लिया। दोनों मृतको पर किसी धारदार हथियार से हमला किया गया था।

इधर इस मौके पर दम्पत्ति के बेटे हरिशंकर ने बताया की फ़ार्म हाउस की रखवाली के साथ उसके माता-पिता मनरेगा में भी काम करते थे। उसकी मां मान के पेरो से चांदी के कड़े भी गायब है। ऐसे में परिजनों ने लूट के इरादे से हत्या की आशंका जताई है।

इधर सागवाडा थाना पुलिस ने डॉग स्क्वायड की टीम व एफएसएल की टीम को बुलाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतक की पांच संताने है, सभी मजदूरी करते है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी सुधीर जोशी, वरदा थानाधिकारी और ओबरी थानाधिकारी अनिल देव मौके पर पहुंचे। इधर, परिजन मांग कर रहे थे कि शव तभी उठाएंगे जब तक हत्यारें पकड़े नही जाते। परिजनों का कहना था कि हत्या के कारणों का खुलासा होना चाहिए। जबतक हत्यारें पकड़े नही जाते तब तब शव नही उठाएंगे। हालंकि सागवाड़ा थानाधिकारी की समझाईश के बाद परिजन शव लेने को तैयार हो गए। इधर, एसपी ने भी जल्द से जल्द मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

रहे लेकिन उनका कहना था कि जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।

सूरजगांव निवासी 70 वर्षीय सवजी पुत्र वालजी डोडिया व उसकी पत्नी मान डोडिया की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी।दोनों का शव लहूलुहान हालत में अलग-अलग खांट पर पड़ा हुआ था।

## हाल-ए- सरकार- विधानसभा में कांग्रेस विधायक ही कामकाज पर उठा रहे सवाल

**जयपुर।** विधानसभा के बजट सत्र में सरकार को अपने ही विधायक घेर रहे हैं। कांग्रेस के छह से ज्यादा विधायकों ने अब तक सरकार के कामकाज की शैली पर सवाल उठाए हैं। सीएम अशोक गहलोत के सलाहकार और सिरोही विधायक संयम लोढ़ा लगातार सरकार को घेर रहे हैं। कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा, अमीन खान, रामनारायण मीणा खुलकर सरकार के कामकाज पर सवाल उठा चुके हैं। मदन प्रजापत बालोतरा को जिला नहीं बनाने पर नंगे पैर घूम रहे हैं। कई विधायक बाहर भी निशाना साध रहे हैं। सांगोद विधायक भरत सिंह खान मंत्री प्रमोद जैन भाया के खिलाफ लगातार मोर्चा खोले हुए हैं। भरत सिंह खुलकर नाराजगी जाहिर कर चुके हैं। बजट सत्र में अब तक सदन में नहीं आए हैं।जानकार कांग्रेस और समर्थक विधायकों की नाराजगी के पीछे भीतरी असंतोष को जिम्मेदार बता रहे हैं। मंत्रिमंडल फेरबदल और राजनीतिक नियुक्तियों में वंचित विधायक अब खुलकर बोलने लगे हैं। आने वाले दिनों में यह नाराजगी और बढ़ सकती है।

## राज्य के 10 शहरों में हीटवेव, दिन का पारा 41 पार

**जयपुर।** राजस्थान में समय से पहले शुरू हुई तेज गर्मी का दौर धुलंडी पर भी बना रहेगा। ऐसे में खुले में होली खेलने वालों का मजा गर्मी से किरकिरा हो सकता है।प्रदेश के मौसम की स्थिति देखें तो पिछले दो दिन से राज्य के 10 शहरों में हीटवेव चल रही है। पश्चिमी जिले बाड़मेर, जालौर, सिरोही, बीकानेर, जोधपुर, जैसलमेर के अलावा टोंक, डूंगरपुर, पिलानी में भी गर्म हवाओं के थपेड़े पड़ रहे है। डूंगरपुर, बांसवाड़ा जिलों में भी दिन का पारा अब पश्चिम जिले बाड़मेर, जैसलमेर के समान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया है।तेज गर्मी के साथ ही दक्षिण-पश्चिमी जिलों में कल गर्म हवाएं भी दिन में चल सकती है। बाड़मेर, जालौर, बीकानेर, जोधपुर, जैसलमेर एरिया में ये गर्म हवाएं चल सकती है। वहीं डूंगरपुर, बांसवाड़ा, नागौर, पिलानी एरिया में गर्म हवाएं चल सकती है।

## खरीददारी करने गए बाइक सवार बाप-बेटे को कार ने मारी टक्कर, हादसे में पिता की हुई मौत

**सीमलवाड़ा।** डूंगरपुर जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र के पीठ गांव में एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पिता की मौत हो गई। जबकि बेटा गंभीर घायल हो गया। बाप-बेटे होली की खरीददारी करने के लिए पीठ आये थे। पुलिस ने जिला अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

डूंगरपुर जिले के धम्बोला थानाधिकारी भैयालाल आंजना ने बताया की सुराता फला डोल निवासी 58 वर्षीय भगवान पुत्र हकरा कोटेड और उसका बेटा 22 वर्षीय डूंगर कोटेड बाइक पर होली की खरीददारी के लिए घर से निकले थे। होली की खरीददारी के बाद दोनों पिता व पुत्र वापस लौट रहे थे इस दौरान पीठ गाँव के पास एक तेज रफ़्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में भगवान व उसका पुत्र डूंगर गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद कार चालक कार छोड़कर फरार हो गया वही मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। लोगो ने घटना की जानकारी धम्बोला थाना पुलिस को दी। सुचना पर धम्बोला थाने के सहायक उप निरीक्षक अशोक पटेल मौके पर पहुंचे और घायलों को डूंगरपुर जिला अस्पताल के लिए रवाना किया। वही पुलिस ने कार को जब्त किया। इधर डूंगरपुर जिला अस्पताल आते समय गंभीर घायल भगवान की रास्ते में ही मौत हो गई। इधर पुलिस ने घायल बेटे डूंगर को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया वही पिता के शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। वही पुलिस ने मामले की जानकारी परिजनों को दी। सुचना पर मृतक के परिजन डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे जहा पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। वही पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## जयपुर में मची फागोत्सव की धूम

**जयपुर।** कोरोना काल के 2 साल बाद बिना किसी प्रतिबंध के होली का उत्सव मनाने की तैयारियां चल रही है। फागुन मास में भगवान श्री कृष्ण के साथ होली खेलने के आयोजन मंदिरों में चल रहे हैं। फाग उत्सव में कई तरह के रंगारंग कार्यक्रम को नाच गाने और मस्ती के साथ होली मनाई जा रही है। फूलों की होली खेली जा रही है। इस दौरान कई तरह के चंग और गाजे बजाए जा रहे हैं। पिपलेश्वर महादेव मंदिर अजमेरी गेट प्रेम पान के पास फागोत्सव कायक्रम में लोग मदमस्त होकर राध कृष्ण की भक्ती में लीन हो गए।

## स्कूल बस चालक ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

### मृतक की पत्नी ने पडोसी पर लगाए आत्महत्या के लिए विवश करने का आरोप

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थानान्तर्गत शहर के पातेला मोहल्ले में एक स्कूल बस के चालक ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इधर मृतक की पत्नी ने पडोसी पर भूमि विवाद के चलते आत्महत्या के लिए विवश करने का आरोप लगाया है। कोतवाली थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है । डूंगरपुर जिले के कोतवाली थाने के थानाधिकारी दिलीपदान चारण ने बताया की शहर के पातेला मोहल्ला निवासी शकीला पत्नी इस्तियाक जाति मुसलमान ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में शकीला ने बताया की उसके पति इस्तियाक का उनके पडोसी बरकत खान नाई से घर के पास में कब्जे शुदा जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। पडोसी बरकत खान उनकी कब्जे शुदा भूमि पर दीवार बना रहा था जिसके शिकायत उन्होंने 8 मार्च को कलेक्टर से की थी जिसके बाद डूंगरपुर नगरपरिषद ने काम रुकवा दिया था। काम रुकने से उनका पडोसी बरकत खान नाई उसके पति व बच्चो को जान से मारने की धमकिया दे रहा था। जिसके चलते इस्तियाक परेशान चल रहा था। इधर बीती रात खाना खाकर इस्तियाक टीवी देख रहा था वही शकीला घर के पास में अपनी बुआ के घर गई हुई थी। वही जब शकीला का बेटा नौकरी से रात को घर लौटा तो देखा की उसके पिता इस्तियाक का शव फंदे से लटका हुआ था। जिस पर शकीला का बेटा चिल्लाया और लोग एकत्रित हुए। वही लोग ने इस्तियाक को फंदे उतारकर जिला अस्पताल पहुंचाया जहा पर डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही घटना के बाद परिजनों ने मामले की सुचना कोतवाली थाना पुलिस को दी। सुचना पर रात को पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। वही आज सुबह पुलिस ने जिला अस्पताल की मोर्चरी में शव का पोस्टमार्टम करवाया। वही पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द किया। इधर मृतक की पत्नी ने अपने पडोसी बरकत खान पर आत्महत्या के लिए विवश करने का आरोप लगाया है। मृतक की पत्नी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बिच्छू के काटने से इकलौते बेटे की मौत

### होली की खुशियां मातम में बदली, टॉयलेट करने उठते ही बिच्छू ने काटा

**सागवाड़ा।** डूंगरपुर जिले के वरदा थाना क्षेत्र के डोजा गांव में नाना के घर आये किशोर की बिच्छु के काटने पर मौत हो गई। इधर किशोर की मौत के बाद डूंगरपुर होली के त्यौहार पर परिवार में खुशियां मातम में बदल गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। जिले के वरदा थाना क्षेत्र के सहायक उप निरीक्षक वल्लभराम ने बताया की डोजा निवासी वालजी रोत ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया की। दिन पहले उसकी बेटी रेखा और उसका बेटा 17 वर्षीय विशाल निवासी बेण डोजा उसके घर पर मेहमान आए थे। रात को सोने के बाद विशाल सुबह के समय उठकर टॉयलेट करने जा रहा था। उसी समय आंगन में अचानक एक बिच्छू ने विशाल के पैर पर काट लिया। बिच्छू के डंक से विशाल वहीं गिर गया। गिरने को आवाज सुनकर नाना वालजी रोत, मां रेखा दौड़कर बाहर आए। पैरो पर डंक और पास ही बिच्छू को देखकर समझ गए की विशाल को बिच्छू ने डंक मारा है । मां ने मवेशी का गोबर लेकर बिच्छू पर डाल दिया।

इसके बाद नाना वालजी बेसुध विशाल को लेकर बाइक पर डूंगरपुर जिला अस्पताल आ रहे थे की रास्ते में ही विशाल ने दम तोड दिया। इसके बाद परिजन विशाल को लेकर डूंगरपुर हॉस्पिटल पहुंचे तो डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने मामले की सुचना वरदा थाना पुलिस को दी। घटना की सूचना पर एएसआई वल्लभराम मौके पर पहुंचे। शव को हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया।

वहीं होली के त्यौहार पर घर आ रहे पिता को रास्ते में ही इकलौते बेटे के मौत हो खबर मिलने ही रोने लगा। पिता ईश्वरलाल डूंगरपुर जिला अस्पताल पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया वही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।